## Upcoming Government Exam 2025 के लिए हिंदी भाषा के महत्वपूर्ण प्रश्न

**Directions (1-15): निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

**Q1.** पृथ्वी के ___________ तंत्र के संतुलन के लिए भी जल काफी महत्वपूर्ण है।
(a) आर्थिक
(b) वैज्ञानिक
(c) अनुवांशिक
(d) पारिस्थितिकी
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q2.** स्वस्थ जीवन ___________एक अच्छे जीवन की नींव है।
(a) शैली
(b) सभ्यता
(c) सोच
(d) स्थिति
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q3.** चलचित्र दर्शकों के मन में छिपी देश-भक्ति और त्याग की भावनाओं को............ करता है।
(a) परिष्कृत
(b) बहिष्कृत
(c) प्रदर्शित
(d) उत्साहित
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q4.** उसके जीवन की कोई एक ............... दिशा नहीं थी।
(a) विशिष्ट
(b) निर्दिष्ट
(c) निश्चित
(d) वांछित
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q5.** केंद्र और राज्य के मतभेद का मामला बहुत .............है।
(a) संदेहास्पद
(b) विवादास्पद
(c) परिहासास्पद
(d) उपहासास्पद
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q6.** विज्ञान ने ऐश्वर्य के साधन सुलभ करा दिए हैं, परन्तु संवेदनशीलता दिन-प्रतिदन ............होती जा रही है।
(a) दुर्गम
(b) विलम्ब
(c) दुर्लभ
(d) अलभ्य
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q7.** मंच पर अनेक.........विद्वानों को देखकर दर्शकों ने प्रसन्नता प्रकट की।
(a) अभिजात
(b) विख्यात्
(c) अज्ञात
(d) कुख्यात्
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q8.** इस पुस्तक में आचार्य नरेंद्र देव के बहु ......... व्यक्तित्व को कलात्मक ढंग से चित्रित किया गया है।
(a) आगामी
(b) विकल्पित
(c) अनुगामी
(d) आयामी
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q9.** पुरातनवादी पिता के इस फैसले ने आधुनिक पुत्र को ...........में डाल दिया है।
(a) असमंजस
(b) क्रोध
(c) उत्सुकता
(d) रहस्य
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q10.** डाकू अपने कृत्यों के कारण .........होते हैं।
(a) विख्यात्
(b) सुख्यात्
(c) ख्यात्
(d) इनमें से कोई नहीं
(e) कुख्यात्

**Q11.** आज तो गुरु-शिष्य का सम्बन्ध घिनौने............से भरता जा रहा है।
(a) कुकर्मों
(b) कर्मों
(c) कृत-कृत्यों
(d) कार्यों
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q12.** चलचित्रों के माध्यम से समाज में ..........बुराइयों को दूर किया जा सकता है।

(a) रोपित

(b) स्थापित

(c) व्याप्त

(d) रंजित

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q13.** राष्ट्र की .......... के लिए शहीदों ने अपना बलिदान दिया।

(a) दान

(b) शान

(c) बान

(d) इनमें से कोई नहीं

(e) आन

**Q14.** उसने अपने सभी साथियों को अपनी योजना में ..........किया।

(a) भागी

(b) साथी

(c) सम्मिलित

(d) स्थापित

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q15.** यह शुभ समाचार सुनकर हमारे मन को ........... संतोष की अनुभूति हुई है।

(a) अपार

(b) अधिकाधिक

(c) महान

(d) इनमें से कोई नहीं

(e) अपरिमित

**Q16.** समानार्थी शब्द का चयन कीजिए :

"नियति'

(a) चरित्र

(b) स्वभाव

(c) कर्म

(d) भाग्य

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q17.** समानार्थी शब्द का चयन कीजिए :
'दुःख'
(a) कष्ट
(b) आघात
(c) कठिनाई
(d) वेदना
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q18.** प्रत्येक वर्ष विश्व हिंदी दिवस किस तिथि को मनाया जाता है ?
(a) 10 जनवरी को
(b) 10 जुलाई को
(c) 14 सितंबर को
(d)14 दिसंबर को
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q19.** इनमें से कौन-सी भाषा देवनागरी लिपि में नहीं लिखी जाती है ?
(a) हिंदी
(b) संस्कृत
(c) गुजराती
(d) मराठी
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q20.** राजभाषा अधिनियम कब से लागू हुआ?
(a) 10 मई 1963
(b) 11 मई 1963
(c) 14 जून 1953
(d) 23 सितम्बर 1968
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q21.** शुद्ध वर्तनी का चयन करें
(a) निबृति
(b) नीव्रति
(c) निवृत्ति
(d) र्निवृति
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q22.** शुद्ध वर्तनी का चयन करें
(a) सन्घर्ष
(b) संघर्ष
(c) संगर्श
(d) संघर्श
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q23.** सामान्यत: ऐसा माना जाता है कि _____ अब तक के सभी आचार विचारों का जमाव है, सभी पुरानी बातें परम्परा कह दी जाती है, जबकि सत्य यह है कि परम्परा भी एक _______ प्रक्रिया की देन है।
(a) अतीत, स्थिर
(b) यथार्थ, संकुचित
(c) परम्परा, गतिशील
(d) इतिहास, धीमी
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q24.** वैसे तो भारतीय साहित्य में ऋग्वेद से ही अनेक______ प्रेमाख्यान उपलब्ध होने लगते हैं, किन्तु इसकी अखंड ______का सूत्रपात महाभारत से होता है।
(a) दुर्लभ, संस्कृति
(b) प्रमुख, स्तुति
(c) महत्वपूर्ण, उदात्ता
(d) सुंदर, परम्परा
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (25-26):** निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए अनुच्छेदों के पहले और अन्तिम वाक्यों को क्रमशः (1) और (6) की संज्ञा दी गई है। इनके मध्यवर्ती वाक्यों को चार भागों में बाँटकर य, र, ल, व की संज्ञा दी गई है। ये चारों वाक्य व्यवस्थित क्रम में नहीं है। इन्हें ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्पों में से उचित क्रम चुनिए, जिससे सही अनुच्छेद का निर्माण हो।

**Q25.** (1) जंगल में जिस प्रकार
(य) अपनी संस्कृतियों के द्वारा एक-दुसरे के साथ मिलकर
(र) अनेक लता, वृक्ष और वनस्पति अपने
(ल) अविरोधी स्थिति प्राप्त करते हैं, उसी प्रकार राष्ट्रीय वन
(व) अदम्य भाव से उठते हुए पारस्परिक सम्मिलन से
(6) राष्ट्र में रहते हैं।
(a) य र ल व
(b) व य र ल
(c) र व ल य
(d) व र य ल
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q26.** (1) यह झंडा
(य) कपड़े की तीन पट्टियाँ है, मगर
(र) विश्वास, मुहब्बत और मुल्क
(ल) जिसे आप, हम और करोड़ों लोग सिर नवाते हैं, महज
(व) इस झण्डे में आपस की एकता, एक-दूसरे का
(6) की तरक्की की भावना छिपी है।
(a) र ल य व
(b) य र ल व
(c) ल य व र
(d) ल र य व
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q27.** किस मुहावरे का अर्थ 'स्वयं गलती करके दूसरों को डाँटना ' है?
(a) घाट-घाट का पानी पीना
(b) उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे
(c) अक्ल चकराना
(d) अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q28.** 'क्रोध' शब्द का पर्यायवाची है-
(a) संताप
(b) भाँति
(c) वैमनस्य
(d) अमर्ष
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q29.** निम्न में से कौन सा शब्द तद्भव है?
(a) दिन
(b) कपास
(c) स्कन्ध
(d) अंधकार
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q30.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में सर्वनाम का सही प्रयोग नही हुआ है?
(a) बारिश में हमारी पुस्तकें भीग गई
(b) हम मतदान नहीं करेंगे
(c) जो परिश्रम करते हैं, वह सुखी रहते हैं।
(d) तुम्हारे पिता जी क्या काम करते हैं?
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q31.** प्रयोग की दृष्टि से सूक्ष्म अंतर व्यक्त करने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?
(a) विपरीतार्थक
(b) अनेकार्थक
(c) समानार्थक
(d) प्रयोगात्मक
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q32.** 'विस्मित' का उपयुक्त अर्थ होगा :
(a) हैरान
(b) भूला हुआ
(c) परेशान
(d) बिछड़ा हुआ
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q33.** राजभाषा आयोग का गठन पहली बार किसकी अध्यक्षता में हुआ था ?
(a) बाल गंगाधार तिलक
(b)बाल गंगाधर खेर
(c) सी. राजगोपालचारी
(d) जुगल किशोर शुक्ल
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q34.** हिंदी दिवस किस दिन मनाया जाता है?
(a) 14 सितम्बर
(b) 12 सितम्बर
(c) 9 सितम्बर
(d) 10 जुलाई
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q35.** संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार हिंदी भारत की राजभाषा है ?
(a) अनुच्छेद 343 (2)
(b) अनुच्छेद 341 (2)
(c) अनुच्छेद 343 (1)
(d) अनुच्छेद 341 (3)
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q36.** शुद्ध वर्तनी का चयन करें -
(a) लहूलूहान
(b) लहुलूहान
(c) लहुलुहान
(d) लहूलुहान
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q37.** शुद्ध वर्तनी का चयन करें -
(a) लीपी
(b) लीपि
(c) लिपि
(d) लिपी
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions(38-45):** नीचे दिए गए प्रत्येक परिच्छेद में कुछ रिक्त स्थान छोड़ दिए गए हैं तथा उन्हें प्रश्न संख्या से दर्शाया गया है। ये संख्याएँ परिच्छेद के नीचे मुद्रित हैं, और प्रत्येक के सामने (a), (b), (c), (d) और (e) विकल्प दिए गए हैं। इन पाँचों में से कोई एक इस रिक्त स्थान को पूरे परिच्छेद के संदर्भ में उपयुक्त ढंग से पूरा कर देता है। आपको वह विकल्प ज्ञात करना है और उसका क्रमांक ही उत्तर के रूप में दर्शाना है। आपको दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त का चयन करना है।
जैव विविधता मुख्य रूप से एक ..(38).. है जिसमें अलग-अलग तरह के पेड़-पौधे और पशु-पक्षी एक साथ रहते हैं। हर किस्म की वनस्पति और पशुवर्ग पृथ्वी के वातावरण को बेहतर बनाने में अपना अमूल्य योगदान देते है जिससे आख़िरकार पृथ्वी पर जीवन ..(39).. बनता है। ये सभी प्रजातियां एक दूसरे की मूलभूत जरूरतों को पूरा करती हैं जिससे एक समृद्धशाली जैव विविधिता का निर्माण होता है। हालाँकि पिछले कई सालों से जैव विविधता को ..(40).. बनाये रखने पर जोर दिया जा रहा है परंतु फिर भी कुछ समय से इसकी गरिमा में ..(41).. देखी गयी है जिसकी आने वाले समय में और भी ज्यादा गिरने की आंशका जताई जा रही है। इसके पीछे मुख्य कारण है औद्योगिक फैक्टरियों से लगातार निकलता प्रदूषणक। इस प्रदूषण के कारण ही कई वनस्पतियों की और जानवरों की प्रजातियां ..(42).. हो गयी हैं और कई होने की कग़ार पर हैं। इस बदलाव का एक संकेत तो साफ़ है की आने वाले समय में हमारे गृह पृथ्वी पर बहुत ही भयंकर संकट खड़ा हो जायेगा। इससे जैव विविधता का संतुलन तो निश्चित रूप से बिगड़ेगा ही तथा मनुष्य के साथ साथ जीवजंतुओं के जीवन पर भी ..(43).. खड़ा हो जायेगा। सबसे पहले यह जरुरी है की हम वातावरण संबंधी मुसीबतों के प्रति अत्यंत ..(44).. हो। कई देशों की सरकार लोगों के बीच जैव विविधता के बिगड़ते संतुलन को लेकर जागरूकता फैला रही है और कोशिश कर रही है की इस पर जल्दी काबू पाया जाये। यह आम आदमी की भी जिम्मेदारी है की वह इस नेक कार्य में हिस्सा ले और वातावरण को शुद्ध बनाने में सरकार का..(45)...करें।

**Q38.** (a) मापदंड
(b) प्रयोग
(c) परंपरा
(d) कल्पना
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q39.** (a) प्रतिकूल
(b) चुनौतीपूर्ण
(c) तुलनात्मक
(d) समृद्धशाली
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q40.** (a) अल्प
(b) अव्यवस्थित
(c) ऐतिहासिक
(d) समृद्ध
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q41.** (a) उन्नति
(b) वृदि
(c) परिवर्तन
(d) इनमें से कोई नहीं
(e) गिरावट

**Q42.** (a) प्रकट
(b) विलुप्त
(c) संयोजन
(d) परिष्कृत
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q43.** (a) प्रश्नचिन्ह
(b) अकाल
(c) अन्याय
(d) विपन्न
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q44.** (a) संवेदनशील
(b) संकुचित
(c) असंवेदनशील
(d) प्रवाहित
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q45.** (a) सहयोग
(b) अभियोग
(c) सहभोग
(d) तिरस्कार
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions(46-55) नीचे दिए गए प्रत्येक परिच्छेद में कुछ रिक्त स्थान छोड़ दिए गए हैं तथा उन्हें प्रश्न संख्या से दर्शाया गया है। ये संख्याएँ परिच्छेद के नीचे मुद्रित हैं, और प्रत्येक के सामने (a), (b), (c), (d) और (e) विकल्प दिए गए हैं। इन पाँचों में से कोई एक इस रिक्त स्थान को पूरे परिच्छेद के संदर्भ में उपयुक्त ढंग से पूरा कर देता है। आपको वह विकल्प ज्ञात करना है और उसका क्रमांक ही उत्तर के रूप में दर्शाना है। आपको दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त का चयन करना है।**

भगवान ने सभी मनुष्यों को **..(46)..** रूप से बनाया है। ईश्वर ने ही मनुष्य के अस्तित्व के लिए उपयुक्त वातावरण तैयार किया है। हालांकि मनुष्य की हरकतों ने इन दोनों में गड़बड़ी पैदा कर दी है। पुरुषों ने अपनी सीमाएं बनाईं और अपने धर्म, जाति, पंथ, आर्थिक स्थिति और पता नहीं क्या क्या के आधार पर कई **..(47)..** को जन्म दिया। वह अपने कद और स्तर के लोगों के साथ मिलना-जुलना पसंद करता है और अपने से नीचे स्तर के लोगों की अनदेखी करता है। मानव द्वारा इस्तेमाल में लाई जाने वाली **..(48).** की प्रगति ने पर्यावरण के सामान्य कामकाज में **..(49)..** किया है जिससे यह विनाश के कगार पर पहुँच गई है। आदमी की परवरिश पर संस्कृति का बड़ा प्रभाव होता है। यह काफी हद तक एक व्यक्ति के दिमाग और संपूर्ण **..(50).** के आकार को प्रभावित करती है। यही कारण है कि विभिन्न संस्कृतियों के लोगों की अलग-अलग सोच होती है। एक चीज या स्थिति जो एक संस्कृति से संबंधित लोगों को सामान्य दिखाई देती है वह दूसरों को बिल्कुल **..(51)..** लग सकती है। भारत के लोगों के मन में उनकी संस्कृति के लिए उच्च सम्मान है। भारतीय अपने बड़ों का आदर करने और उनके आदेशों का पालन करने में **..(52)..** करते हैं। विदेशी राष्ट्रों के विपरीत भारत में बच्चे अपने माता-पिता के साथ रहते हैं चाहे वे **..(53)..** ही क्यों ना हो जाएँ। भारतीय खुले दिल से सभी का स्वागत करते हैं और अन्य धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं का सम्मान करते हैं। विभिन्न जातियों और धर्मों के लोग यहां शांति और **..(54)..** में रहते हैं। इसी तरह अन्य संस्कृतियों के लोग भी अपने मूल्यों से जुड़े रहते हैं जो उनके व्यक्तित्व और सोच को सही **(55)..** देने में सहायता करती है।

**Q46.** (a) समान
(b) असमान
(c) विकृत
(d) अलौकिक
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q47.** (a) मौलिकता
(b) मतभेदों
(c) अपेक्षाओं
(d) अनुसंधानों
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q48.** (a) उन्नति
(b) परिणिति
(c) प्रौद्योगिकी
(d) अभिव्यक्ति
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q49.** (a) विघ्न
(b) हस्तक्षेप
(c) लाभान्वित
(d) प्रयोग
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q50.** (a) अस्तित्व
(b) स्थायित्व
(c) निजत्व
(d) इनमें से कोई नहीं
(e) व्यक्तित्व

**Q51.** (a) सरल
(b) प्राचीन
(c) आधुनिक
(d) विचित्र
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q52.** (a) उलट-फेर
(b) प्रभावित
(c) विश्वास
(d) संकोच
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q53.** (a) किशोर
(b) वृद्ध
(c) वयस्क
(d) शिशु
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q54.** (a) सद्भाव
(b) क्रूरता
(c) द्वेष
(d) वैमनस्यता
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q55.** (a) मनोभाव
(b) आकार
(c)सम्मान
(d) कुंठा
(e) इनमें से कोई नहीं

## Solutions

**S1. Ans.(d)**
**Sol.** यहाँ 'पारिस्थितिकी' का प्रयोग उचित है। 'पारिस्थितिक तंत्र' एक प्राकृतिक इकाई है जिसमें एक क्षेत्र विशेष के सभी जीवधारी, अर्थात् पौधे, जानवर और अणुजीव शामिल हैं जो कि अपने अजैव पर्यावरण के साथ अंतर्क्रिया करके एक सम्पूर्ण जैविक इकाई बनाते हैं।

**S2. Ans.(a)**
**Sol.** यहाँ शैली शब्द का प्रयोग उचित है। 'शैली' का अर्थ है- ढंग, तरीका, रीति, पद्धति।

**S3. Ans.(a)**
**Sol.** यहाँ 'परिष्कृत' शब्द का प्रयोग उचित है।

**S4. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ 'निश्चित' शब्द का प्रयोग उचित है।

**S5. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'विवादास्पद' शब्द का प्रयोग उचित है।

**S6. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ 'दुर्लभ' शब्द का प्रयोग उचित है। दुर्लभ का अर्थ है- जो कम मिलता हो, जिसको प्राप्त करना कठिन हो।

**S7. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'विख्यात' शब्द का प्रयोग उचित है। विख्यात का अर्थ है- जिसकी बहुत ख्याति हो, प्रसिद्ध।

**S8. Ans.(d)**
**Sol.** यहाँ 'आयामी' शब्द का प्रयोग उचित है। आयामी का अर्थ है-अनेक आयामों वाला, अनेक पक्षों वाला।

**S9. Ans.(a)**
**Sol.** यहाँ 'असमंजस' शब्द का प्रयोग उचित है। 'असमंजस' शब्द का अर्थ है – दुविधा, द्वंद्व, अनिश्चय, आगा-पीछा।

**S10. Ans.(e)**
**Sol.** यहाँ 'कुख्यात शब्द का प्रयोग उचित है। कुख्यात का अर्थ है- बदनाम, अपयशवाला, जघन्य अपराध करने वाला।

**S11. Ans.(a)**
**Sol.** यहाँ 'कुकर्मों' का प्रयोग उचित है।

**S12. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ 'व्याप्त' का प्रयोग उचित है।

**S13. Ans.(e)**
**Sol.** यहाँ 'आन' का प्रयोग उचित है।

**S14. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ 'सम्मिलित' का प्रयोग उचित है।

**S15. Ans.(e)**
**Sol.** यहाँ 'अपरिमित' का प्रयोग उचित है।

**S16. Ans.(d)**
**Sol.** 'नियति' का समानार्थी शब्द 'भाग्य' है, 'चरित्र' का अर्थ 'आचरण' एवं 'स्वभाव' का अर्थ 'प्रकृति' है।

**S17. Ans.(d)**
**Sol.** 'दुःख' का समानार्थी शब्द 'वेदना' है एवं 'आघात' शब्द 'प्रहार' है।

**S18. Ans.(a)**
**Sol.** प्रत्येक वर्ष विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है

**S19. Ans.(c)**
**Sol.** गुजराती भाषा को देवनागरी लिपि में नहीं लिखा जाता है

**S20. Ans.(a)**
**Sol.**राजभाषा अधिनियम 1963 10 मई 1963 से लागू हुआ।

**S21. Ans.(c)**
**Sol.** 'निवृत्ति' शब्द शुद्ध वर्तनी रूप है; इसका तात्पर्य किसी 'प्रवृत्ति से वापस होना' से है। -

**S22. Ans.(b)**
**Sol.** 'संघर्ष' शब्द शुद्ध वर्तनी रूप है।

**S23. Ans.(c)**
**Sol.**यहाँ क्रमशः 'परम्परा' एवं 'गतिशील' शब्द का प्रयोग उचित है।

**S24. Ans.(d)**
**Sol.**यहाँ क्रमशः 'सुंदर' एवं 'परम्परा' का प्रयोग उचित है।

**S25. Ans.(c)**
**Sol.** सही क्रम है- 'र व ल य'।

**S26. Ans.(c)**
**Sol.** सही क्रम है- 'ल य व र'।

**S27. Ans.(b)**
**Sol.** 'उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे' इस मुहावरे का अर्थ है- 'स्वयं गलती करके दूसरों को डॉटना' है।

**S28. Ans.(d)**
**Sol.** 'क्रोध' शब्द का पर्यायवाची 'अमर्ष' है।

**S29. Ans.(b)**
**Sol.** 'कपास' एक तद्भव शब्द है। अन्य सभी तत्सम शब्द हैं।

**S30. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ 'जो परिश्रम करते हैं, वह सुखी रहते हैं' के स्थान पर 'जो परिश्रम करते हैं, वे सुखी रहते हैं' का प्रयोग उचित है। इस वाक्य में 'वह' के स्थान पर 'वे' का प्रयोग होगा।

**S31. Ans.(c)**
**Sol.** प्रयोग की दृष्टि से सूक्ष्म अंतर व्यक्त करने वाले शब्द 'समानार्थक' शब्द कहलाते हैं।

**S32. Ans.(a)**
**Sol.** 'विस्मित' का उपयुक्त अर्थ 'हैरान है एवं परेशान' शब्द का अर्थ 'व्याकुल' या 'सताया हुआ है।

**S33. Ans.(b)**
**Sol.** राजभाषा आयोग का गठन पहली बार बाल गंगाधर खेर की अध्यक्षता में हुआ था।

**S34. Ans.(a)**
**Sol.**हिंदी दिवस 14 सितम्बर को मनाया जाता है

**S35. Ans.(a)**
**Sol.**संविधान के अनुच्छेद 343 (1) के अनुसार हिंदी भारत की राजभाषा है

**S36. Ans.(d)**
**Sol.** 'लहूलुहान' शब्द शुद्ध वर्तनी रूप है; - 'लहूलुहान' विशेषण है, इसका अर्थ 'खून से लथपथ' होना है।

**S37. Ans.(c)**
**Sol.** लिपि' शब्द शुद्ध वर्तनी रूप है; लिपि से आशय 'भाषा के लिखित रूप' से है।

**S38. Ans.(a)**

**S39. Ans.(d)**
**S40. Ans.(d)**
**S41. Ans.(e)**
**S42. Ans.(b)**
**S43. Ans.(a)**
**S44. Ans.(a)**
**S45. Ans.(a)**

**S46. Ans.(a)**
**Sol.** यहाँ 'समान' शब्द का प्रयोग उचित है।

**S47. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'मतभेदों' शब्द का प्रयोग उचित है।

**S48. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ 'प्रौद्योगिकी' शब्द का प्रयोग उचित है।

**S49. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'हस्तक्षेप' शब्द का प्रयोग उचित है।

**S50. Ans.(e)**
**Sol.** यहाँ 'व्यक्तित्व' शब्द का प्रयोग उचित है।

**S51. Ans.(d)**
**Sol.** यहाँ 'विचित्र' शब्द का प्रयोग उचित है।

**S52. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ 'विश्वास' शब्द का प्रयोग उचित है।

**S53. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ 'वयस्क' शब्द का प्रयोग उचित है।

**S54. Ans.(a)**
**Sol.** यहाँ 'सद्भाव' शब्द का प्रयोग उचित है।

**S55. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'आकार शब्द का प्रयोग उचित है।

**S56. Ans.(e)**
**Sol.** 'कुरीति' का अर्थ है- समाज या व्यक्ति को हानि पहुँचाने वाली अनुचित रीति, कुप्रथा, निंदनीय प्रथा।

**S57. Ans.(d)**
**Sol.** 'संपदा' का अर्थ है- दौलत, धन, संपत्ति, ऐश्वर्य, वैभव।

**S58. Ans.(d)**
**Sol.** यहाँ 'स्वावलंबी' शब्द का प्रयोग उचित है। 'स्वावलंबी' का अर्थ है- आत्मनिर्भर।

**S59. Ans.(d)**
**Sol.** यहाँ 'समस्याओं' का प्रयोग उचित है।

**S60. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'कल्याण' शब्द का प्रयोग उचित है।